प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 मंगलवार** **दिनांक 06.03.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी।
- शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी का आदेश जारी–अब उन्हें मिलेगा तिरपन प्रतिशत महंगाई भत्ता।
- रायपुर जिले में मंदिर हसौद और आरंग के बीच आज एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत।
- दंतेवाड़ा जिले में आज दो इनामी महिला माओवादियों ने पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस–राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महीने की आठ तारीख को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय है – "नारी शक्ति से विकसित भारत"। इसके साथ ही "शी बिल्ड्स भारत" हैशटैग के साथ एक सोशल मीडिया अभियान भी आयोजित किया जा रहा है। महिला दिवस को लेकर केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह दिन महिलाओं के बहुमुखी विकास पर चर्चा करने और बाधाओं को समाप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

## शासकीय सेवक–महंगाई भत्ता

राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। सातवें वेतनमान में कार्यरत् कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब उन्हें तिरपन प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। जबकि, छठवें वेतनमान के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इसके बाद उन्हें अब दो सौ छियालीस प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा। यह वृद्धि एक मार्च से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मार्च के वेतन के साथ अप्रैल महीने में किया जाएगा।

## विस–ध्यानाकर्षण/प्रश्नकाल

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन आज आवास और पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने दस अप्रैल से फ्लाई ऐश डंपिंग करने वाली गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने कहा कि फ्लाई ऐश डंपिंग करने वाली जगहों का जियो–टैगिंग किया जाएगा। ध्यानाकर्षण के माध्यम से कांग्रेस विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अकलतरा विकासखंड की ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जल स्त्रोतों और तालाबों को राखड़ से पाटने का मामला उठाया। जबाब में श्री चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जल और वायु प्रदूषण के मामले में जांच की जा रही है।

सदन में आज ध्यानाकर्षण के जरिये भाजपा विधायक भावना बोहरा ने कबीरधाम जिले के पंडरिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना में आर्थिक संकट का मामला उठाया। उन्होंने मांग की कि किसानों को राहत देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से इस कारखाने को आर्थिक सहायता दी जाए। इस पर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने अपने जवाब में कहा कि अधिकारियों का एक दल सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना भेजा जाएगा, जो आर्थिक नुकसान का आंकलन कर सरकार को रिपोर्ट पेश करेगा।

प्रश्नकाल में आज कांग्रेस विधायक राघवेंद्र कुमार ने गौण खनिज से प्राप्त राशि में को लेकर चल रही जांच में अनियमितता पर सवाल किया। जवाब में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि जांच में नियमों का उल्लंघन

साबित होने पर छह अधिकारियों को निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम बनाई है, जिसकी जांच रिपोर्ट जल्द आ जाएगी।

**विस–अनुदान मांग चर्चा**

वहीं, विधानसभा में आज उपमुख्यमंत्री अरूण साव से संबंधित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण और अन्य विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा की गई। इस चर्चा में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने भाग लिया।

**हाईकोर्ट–शौचालय**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज बिलासपुर जिले के शासकीय स्कूलों में शौचालयों की स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की। उन्होंने सरकार को शौचालयों की हालत सुधारने और तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए हैं। आदेश का पालन करते हुए जिला प्रशासन ने शौचालय निर्माण और मरम्मत की कार्ययोजना बनाई हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने नये शौचालय निर्माण के लिए एक करोड़ इंक्यावन लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।

**डीएमएफ घोटाला मामला**

डीएमएफ घोटाला मामले में आरोपी सौम्या चौरसिया, रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने न्यायालय से तीनों आरोपियों की रिमांड अवधि दस मार्च तक बढ़ाने की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया।

सौम्या चौरसिया, रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी के साथ माया वॉरियर और मनोज द्विवेदी भी ईओडब्ल्यू की रिमांड पर रहेंगे।

## माओवादी आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में आज दो इनामी महिला माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर दो लाख और एक अन्य माओवादी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित माओवादी भीमे वेट्टी प्लाटून नंबर–चौबीस की सदस्य और जोगी कुंजाम मलांगेर–पालनार एलओएस की सदस्य है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

इस बीच, कांकेर जिले के आमाबेड़ा इलाके से एनआईए ने माओवादियों की मदद करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

## सीजीएमएससी मामला–पूछताछ

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन–सीजीएमएससी में हुए करीब छह सौ साठ करोड़ रूपये की गड़बड़ी के मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू ने आईएएस अधिकारी भीम सिंह से भी आज पूछताछ की। इससे पहले, कल आईएएस अधिकारी चंद्रकांत वर्मा से करीब छह घंटे पूछताछ की गई थी। एसीबी और ईओडब्ल्यू के अधिकारी सीजीएमएससी में हुए घोटाले से जुड़े दस्तावेजों और टेंडर प्रक्रिया को लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

**<u>दुर्घटना</u>**

रायपुर जिले में मंदिर हसौद और आरंग के बीच आज एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। रायपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौड़ ने बताया कि यह घटना उमरिया गांव के पास उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए ट्रक से जा टकराई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाला गया।

उधर, नारायणपुर जिले के मड़ोनार गांव के पास बीती रात एक ट्रैक्टर के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई है। इनमें एक महिला भी शामिल हैं।  वहीं, दस से अधिक लोग घायल हो गए हैं। ट्रैक्टर में तोयामेटा, कावानार और मुसनार गांव के करीब सोलह लोग सवार थे और ये सभी ओरछा गांव से चावल लेकर आ रहे थे, तभी मड़ोनार गांव में नाले के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में घायल लोगों का इलाज छोटेडोंगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।

**<u>इग्नू–दीक्षांत समारोह</u>**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू का अड़तीसवां दीक्षांत समारोह कल नई दिल्ली में संपन्न हुआ। समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में देश–दुनिया के तीन लाख तेरह हजार सात सौ सत्तर विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं।

वहीं, रायपुर के कचना स्थित इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रोफेसर रामकुमार ककानी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर सत्रह सौ विद्यार्थियों को डिग्री से नवाजा गया।

वहीं, रायपुर के हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आगामी आठ मार्च को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर वी.सी. विवेकानंदन ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और उपमुख्यमंत्री अरूण साव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तेरह विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए छत्तीस स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

## मोहला–मानपुर–सिविक एक्शन कार्यक्रम

मोहला–मानपुर जिले के माओवाद प्रभावित घोड़ागांव और कुमुड़कट्टा गांव में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को वाटर फिल्टर और वाटर टैंक तथा महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी के अधिकारियों ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया।

## अडाणी फाउंडेशन–स्वास्थ्य शिविर

रायगढ़ जिले के कुंजेमुरा गांव में अडाणी फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। शिविर में चौंतीस लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा ब्लड टेस्ट, शुगर जांच और वजन माप जैसी सेवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गई।

**<u>मौसम</u>**

पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार नौ मार्च तक प्रदेश के अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने के आसार है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>